भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. 974
सोमवार, 10 फरवरी, 2025/21 माघ, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

रामपथ गमन का विकास

974. **श्री गणेश सिंह:**
क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को यह जानकारी है कि मध्य प्रदेश सरकार ने रामपथ गमन के विकास के अंतर्गत सभी तीर्थ स्थलों के विकास की योजना बनाई है;

(ख) यदि हां, तो अयोध्या से चित्रकूट तक रामपथ गमन राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण हेतु अब तक किए गए कार्यों की स्थिति का ब्यौरा क्या है, जिस संबंध में माननीय प्रधानमंत्री द्वारा आधारशिला रखी गई थी;

(ग) क्या सरकार का चित्रकूट से सतना मैहर मां शारदा शक्ति पीठ तक चार लेन सड़क के निर्माण के लिए कोई दिशानिर्देश जारी करने का विचार है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (घ): पर्यटन गंतव्यों का विकास मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है। तथापि, पर्यटन मंत्रालय 'तीर्थस्थान जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)', 'स्वदेश दर्शन' एवं 'पर्यटन अवसंरचना विकास हेतु केन्द्रीय एजेंसियों की सहायता' की अपनी केन्द्रीय क्षेत्र की योजनाओं के तहत, राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों के परामर्श से वित्तीय सहायता प्रदान करके उनके द्वारा किए गए पर्यटन विकास के प्रयासों को सम्पूरित करता है।

मध्य प्रदेश राज्य सरकार से रामपथ गमन के विकास के तहत सभी तीर्थस्थलों के विकास के संबंध में निर्धारित प्रपत्र में कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है। हालांकि, स्वदेश दर्शन 2.0 के तहत पर्यटन मंत्रालय ने 27.21 करोड़ रु. की लागत से "चित्रकूट में आध्यात्मिक अनुभव" नामक एक परियोजना को स्वीकृत किया है।

पर्यटन मंत्रालय राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण कार्य की स्थिति के संबंध में आंकडे नहीं रखता है। इसके अतिरिक्त, चित्रकूट से सतना मैहर मां शारदा शक्ति पीठ तक चार लेन सड़क निर्माण से संबंधित परामर्शी जारी करने के लिए कोई प्रस्ताव पर्यटन मंत्रालय के विचाराधीन नहीं है।

*****